# बाबा अब तो बुला लो ना द्वार | By Ankit Sharma

बाबा अब तो बुला लो ना द्वार
दर तेरे आने को तरसे है ये दिल
तड़पे है बारम्बार
बाबा अब तो बुला लो ना द्वार

बैठ गए हो खाटू नगरिया
भक्तों को काहे सताये
ना संदेस ना कोई खबरिया
ग्यारस भी छूटी जाए
डूब जायेगा प्रेमी ये तेरा
अब तो सुन लो पुकार
बाबा अब तो बुला लो ना द्वार

भर भर बुलाये खाटू की गलियां
मुझको ही क्यों ना बुलाये
छट पट तड़पे प्रीत हमारी अज्जू के आंसू
मोरछड़ी लहरा दो बाबा
कट जाए संकट हज़ार
बाबा अब तो बुला लो ना द्वार

दर तेरे आएं तो कस के पकड़ना छूटे ना मेरो हाथ
नाम जगत में वैसे ही तेरो हारे को देता तू साथ
मैं हारयो तो हारे को तू ही कर दीजो बेड़ो पार
बाबा अब तो बुला लो ना द्वार
बाबा अब तो सुनलो पुकार

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%85%e0%a4%ac-%e0%a4%a4%e0%a5%8b-%e0%a4%ac%e0%a5%81%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a5%8d%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b0-by/